जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

नेचर वॉक कार्यक्रम

रिपोर्ट

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की वनस्पति शास्त्र विभाग की एम.एससी. की छात्राओं ने दिनांक 4 फ़रवरी 2023 को जिला प्रशासन की ओर से आयोजित नेचर वॉक कार्यक्रम मैं भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संजय भार्गव द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया व शुभकामनाएं दी।वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने छात्राओं को नेचर वाक के महत्त्व व वाक के दौरान रखने वाली सावधानियों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी । छात्राओं ने श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय व अन्य जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ अभेड़ बायोलॉजिकल पार्क व अभेड़ा महल के आस पास के क्षेत्रों में भ्रमण किया । इस अवसर पर डी सी एफ अनुराग भटनागर जी ने वहां पाई जाने वाली जैवविविधता के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त की । अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में विभिन्न औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी छात्राओं ने देखी और उनके औषधीय गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त की।संकाय सदस्य डॉ नितिका सिंह व श्रीमती अनीता मालव ने छात्राओ के साथ नेचर वाक कार्यक्रम मे भाग लिया । शोधार्थी प्रियल विजयवर्गीय, छात्रसंघ महासचिव मुस्कान तथा संयुक्त सचिव सेलिन पहाड़िया भी मौजूद रहे।

जेडीबी कॉलेज के बॉटनी विभाग की नेचर वॉक आयोजित

संदेश न्यूज। कोटा. जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की वनस्पति शास्त्र विभाग की एम.एससी. की छात्राओं द्वारा जिला प्रशासन की ओर से आयोजित नेचर वॉक कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संजय भार्गव द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया व शुभकामनाएं दी। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने छात्राओं को नेचर वाक के महत्त्व व वाक के दौरान रखने वाली सावधानियों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर डी सी एफ अनुराग भटनागर ने वहां पाई जाने वाली जैवविविधता

के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। प्रदर्शनी के माध्यम से ब्लैक काईट, परपल मुरेन तथा प्रवासी पक्षी रोज स्टलिंग छात्राओं ने देखी। संकाय सदस्य डॉ नितिका सिंह व अनीता मालव ने छात्राओं के साथ नेचर वाक कार्यक्रम में भाग लिया।

दैनिक भास्कर कोटा 05-02-2023

बायोलॉजिकल पार्क में किया नेचर वॉक

अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में नेचर वॉक एवं वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी की गई। सीसीएफ सीसीएफ एसपी सिंह, कलेक्टर ओपी बुनकर, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह ने अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क में नेचर वॉक एवं वाइल्ड लाइफ फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आयोजन में विद्यार्थियों एवं पक्षी प्रेमियों ने भाग लिया। डीसीएफ अनुराग भट्टनागर, पूर्व मानद वन्यजीव प्रतिपालक आरएस तोमर, मनीष आर्य ने जानकारियां दी। पर्यावरण प्रेमी पृथ्वीपाल सिंह औषधीय पौधों के बारे मे बताया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन राजकुमार सिंह, पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर विकास पंड्या, वन्यजीव प्रेमी डॉ. कृष्णेंद्रसिंह नामा, प्रो. नीलिमा सक्सेना सहित पक्षी प्रेमी मौजूद रहे।